
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


## प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 18 फ़रवरी 2026, अंक –218.

## प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

## सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"जो खुद को सुधार लेता है, जीवन उसकी राहें स्वयं खोल देता है।" — विवेकानंद



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Wednesday Prayer

तू ही राम है, तू रहीम है,
तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशू मसीह
हर नाम में तू समा रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरी जात पाक कुरान में,
तेरा दरस वेद पुराण में।
गुरु ग्रन्थजी क ◌े बखान में,
तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है.........................................।

अरदास है कहीं कीरतन
कहीं रामधुन कहीं आवहन।
विधि भेद का यह है सब रचन,
तेरा भक्त तुझको बुला रहा।
तू ही राम है.........................................।

तेरा गुण नहीं हम गा सकें,
तुझे कैसे मन में ध्या सके।
है दुआ यहीं तुझे पा सकें,
तेरे दर पे सर ये झुका हुआ।
तू ही राम है.........................................।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।

# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य


अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

1: दक्षिण कोरिया की राजधानी क्या है?
उत्तर:सियोल (Seoul)
प्रश्न 2: विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कौन थीं?
उत्तर:वेलेंटीना तेरेश्कोवा (सोवियत संघ), 1963
प्रश्न 3: 'डोकला' और 'खांडवी' किस राज्य के प्रसिद्ध नाश्ते (स्नैक) हैं?
उत्तर:गुजरात
प्रश्न 4: 1 किलोग्राम में कितने ग्राम होते हैं?
उत्तर:1000 ग्राम
प्रश्न 5: बिहार के किस जिले में 'रामशिला' (विष्णुधाम) नामक प्रसिद्ध तीर्थस्थल स्थित है?
उत्तर:बिहार के गया जिले में 'रामशिला' (विष्णुधाम ) नामक प्रसिद्ध तीर्थस्थल स्थित है, जहाँ भगवान राम ने अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था।
प्रश्न 6: प्रखंड बगहा-2 के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कौन है?
उत्तर:श्री फूदन राम
प्रश्न 7: टी-20 पुरुष वर्ल्ड कप-2026 का आयोजक कौन सा देश है?
उत्तर:भारत और श्रीलंका।
प्रश्न 8: भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?
उत्तर: लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल या गठबंधन के नेता को राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त किया जाता है।
प्रश्न 9: 'गुरु' का विलोम शब्द बताइए।
उत्तर:शिष्य, चेला
प्रश्न 10: कौन सा जानवर अपनी नाक के अलावा त्वचा से भी सांस लेता है?
उत्तर:मेंढक


संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2


# शब्द - संगम

Drive (ड्राइव) – चलाना
Drove (ड्रोव) – चलाया
Driven (ड्रिवन) – चलाया गया

Know (नो) – जानना
Knew (न्यू) – जाना / जानता था
Known (नोन) – जाना गया / ज्ञात

Find (फाइंड) – पाना / ढूँढना
Found (फाउंड) – पाया / ढूँढा
Found (फाउंड) – पाया गया




संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण


# English गप-शप

मैं स्कूल जा रहा हूँ/रही हूँ। – I am going to school.
अपना बैग लाओ। – Bring your bag.
जल्दी करो। – Hurry up.
हम देर हो रहे हैं। – We are getting late.




सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. India advances National AI Mission with focus on education and governance
भारत सरकार ने राष्ट्रीय AI मिशन के तहत शिक्षा, कृषि और प्रशासनिक सेवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की योजना है। इससे डिजिटल नवाचार, कौशल विकास और ई-गवर्नेंस को नई गति मिलने की उम्मीद है।
(स्रोत संदर्भ: DD News)

2. हाल ही में (फरवरी 2026) किस भारतीय संस्थान ने 'जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग' के लिए देश का सबसे तीव्र सुपरकंप्यूटर विकसित किया है? (समसामयिकी)
उत्तर: भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे
व्याख्या: फरवरी 2026 के मध्य में, पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ने जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग के लिए देश का सबसे तीव्र सुपरकंप्यूटर 'अरुणिका' विकसित किया है। यह सुपरकंप्यूटर 20 पेटाफ्लॉप्स की क्षमता वाला है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का पूर्वानुमान लगाने, मानसून की भविष्यवाणी करने और चरम मौसमी घटनाओं का विश्लेषण करने में सक्षम होगा।
संदर्भ: पीआईबी विज्ञप्ति, फरवरी 2026; IITM प्रेस रिलीज।

2. हाल ही में (फरवरी 2026) किस भारतीय संस्थान ने 'जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग' के लिए देश का सबसे तीव्र सुपरकंप्यूटर विकसित किया है? (समसामयिकी)
उत्तर: भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे
व्याख्या: फरवरी 2026 के मध्य में, पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) ने जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग के लिए देश का सबसे तीव्र सुपरकंप्यूटर 'अरुणिका' विकसित किया है। यह सुपरकंप्यूटर 20 पेटाफ्लॉप्स की क्षमता वाला है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का पूर्वानुमान लगाने, मानसून की भविष्यवाणी करने और चरम मौसमी घटनाओं का विश्लेषण करने में सक्षम होगा।
संदर्भ: पीआईबी विज्ञप्ति, फरवरी 2026; IITM प्रेस रिलीज।

4. 'वनों की कटाई' से सबसे अधिक कौन-सी समस्या उत्पन्न होती है? (पर्यावरण | NCERT)
उत्तर: मृदा अपरदन
व्याख्या: वनों की कटाई से भूमि की ऊपरी उपजाऊ परत बह जाती है, जिसे मृदा अपरदन कहते हैं। इससे कृषि उत्पादन कम होता है और बाढ़ तथा मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ती है। वन संरक्षण पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 भूगोल, अध्याय 2 "भूमि, मृदा, जल...", पृष्ठ 15–18।

5. प्राचीन भारत में पर्यावरण संरक्षण हेतु किस शासक ने पशु-पक्षियों की रक्षा के लिए आदेश जारी किए थे? (इतिहास)
उत्तर: अशोक
व्याख्या: मौर्य सम्राट अशोक (लगभग 268-232 ईसा पूर्व) ने अपने धर्मलिपियों में पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए अनेक आदेश जारी किए थे। उनके पाँचवें स्तंभलेख में विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों के संरक्षण, मछली और पशुओं के अनावश्यक वध पर रोक तथा वनों की कटाई को नियंत्रित करने का उल्लेख है। उन्होंने पशु चिकित्सालय भी स्थापित किए थे और प्राणियों के प्रति दया भाव रखने पर बल दिया था।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 8 (अशोक: एक अनोखा सम्राट जिसने युद्ध का त्याग किया)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में किस फसल के उत्पादन पर सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है? (भूगोल)

उत्तर: गेहूं

व्याख्या: जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान का सर्वाधिक प्रभाव गेहूं की फसल पर पड़ रहा है। गेहूं की बढ़वार एवं दाना भरने की प्रक्रिया के लिए शीतल मौसम (15-20°C) आवश्यक है। फरवरी-मार्च में तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि से गेहूं की पैदावार में कमी आती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के अनुसार, प्रत्येक 1°C तापमान वृद्धि से गेहूं की उपज में लगभग 4-5 मिलियन टन की कमी आ सकती है। उत्तर-पश्चिम भारत (पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश) इससे सर्वाधिक प्रभावित होगा।

संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 10 भूगोल, अध्याय 4 (कृषि); भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)

7. संविधान के किस अनुच्छेद में वन्य जीवों एवं पक्षियों के संरक्षण का उल्लेख राज्य के नीति-निर्देशक तत्व के रूप में किया गया है? (संविधान)

उत्तर: अनुच्छेद 48A

व्याख्या: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48A में कहा गया है कि "राज्य, पर्यावरण की रक्षा और संवर्द्धन करने का तथा देश के वनों एवं वन्य जीवन की रक्षा करने का प्रयास करेगा।" यह अनुच्छेद 42वें संविधान संशोधन (1976) के माध्यम से जोड़ा गया था। यह राज्य को वन्य जीवों एवं पक्षियों के संरक्षण के लिए नीतियाँ बनाने का निर्देश देता है। हालाँकि यह बाध्यकारी नहीं है, फिर भी यह वन्यजीव संरक्षण से संबंधित कानूनों (जैसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972) के निर्माण का आधार बना।

संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2 (भारतीय संविधान में अधिकार)।

8. 'मृदा अपरदन' को रोकने की सबसे प्रभावी विधि कौन सी है? (विज्ञान)

उत्तर: वनरोपण

व्याख्या: मृदा अपरदन (Soil Erosion) को रोकने की सबसे प्रभावी विधि वनरोपण (Afforestation) है। वृक्षों की जड़ें मिट्टी को आपस में बांधकर रखती हैं, जिससे हवा और पानी द्वारा मिट्टी का बहाव नहीं होता। वनस्पति आच्छादन से वर्षा जल का वेग कम होता है, जिससे वह मिट्टी को बहा नहीं पाता। इसके अतिरिक्त, समोच्च रेखीय जुताई (Contour Ploughing), सीढ़ीदार खेती (Terrace Farming) तथा पट्टीदार खेती (Strip Cropping) भी मृदा अपरदन रोकने के अन्य प्रभावी उपाय हैं।

संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 भूगोल, अध्याय 2 (भूमि, मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति एवं वन्य जीवन संसाधन)।

9. पर्यावरण संरक्षण के लिए चिपको आंदोलन का नेतृत्व करने वाली प्रमुख महिला कौन थीं? (कला एवं संस्कृति)

उत्तर: गौरा देवी

व्याख्या: 1970 के दशक में उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में चले चिपको आंदोलन की प्रमुख नेतृत्वकर्ता गौरा देवी थीं। उन्होंने अपने गाँव रेणी में वन विभाग की ओर से पेड़ों को काटने के लिए आए ठेकेदारों के विरुद्ध पेड़ों से चिपककर आंदोलन किया। उनके इस साहस ने पूरे क्षेत्र में वन संरक्षण की अलख जगाई। चंडी प्रसाद भट्ट एवं सुंदरलाल बहुगुणा भी इस आंदोलन के प्रमुख नेता थे। यह आंदोलन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विश्वभर में मील का पत्थर माना जाता है।

संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 8 (राष्ट्रीय आंदोलन का संघटन)।

10. बिहार के किस जिले में 'जल संरक्षण' की पारंपरिक 'पईन प्रणाली' सर्वाधिक प्रचलित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)

उत्तर: गया

व्याख्या: बिहार के दक्षिणी भाग में, विशेषकर गया एवं आसपास के जिलों में, 'पईन प्रणाली' जल संरक्षण की एक पारंपरिक विधि है। यह एक छोटी नहर या जल-मार्ग होती है, जो पहाड़ी क्षेत्रों से बहने वाले वर्षा जल को एकत्रित कर खेतों तक पहुँचाती है। गया जिले के बाराचट्टी, डोभी और खिजरसराय प्रखंडों में यह प्रणाली सर्वाधिक प्रचलित है। यह सदियों पुरानी प्रणाली स्थानीय समुदायों द्वारा प्रबंधित की जाती है और भूजल स्तर बनाए रखने में सहायक है।

संदर्भ: बिहार सरकार जल संसाधन विभाग; एनसीईआरटी कक्षा 10 भूगोल, अध्याय 3 (जल संसाधन)।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में "पेड़-पौधों के संरक्षण" के लिए विद्यालय स्तर पर क्या पहल की जा सकती है? (विद्यालय सुरक्षा फरवरी W3)
उत्तर: पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए विद्यालय स्तर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान चलाना, हरित पट्ट (ग्रीन बेल्ट) विकसित करना, पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड लगाना, प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा गोद देने की जिम्मेदारी देना, और प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता फैलाना प्रमुख पहल हैं। पेड़ कार्बन सिंक का कार्य करते हैं, जो वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करते हैं। बिहार में वन क्षेत्र राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 15% है, जो राष्ट्रीय औसत 33% से काफी कम है। विद्यालय स्तर पर ये पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि विद्यार्थियों में पर्यावरणीय नैतिकता और सामुदायिक जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करती हैं।

12. एक संख्या को 5 से गुणा कर 20 जोड़ने पर 70 प्राप्त होता है। वह संख्या क्या है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 10
व्याख्या: मान लें संख्या = x, or $5x + 20 = 70$, or $5x = 50$, or $x = 10$
यह रैखिक समीकरण आधारित प्रश्न है, जो SSC, रेलवे, बैंकिंग तथा CTET जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पूछा जाता है। ऐसे प्रश्नों में समीकरण बनाकर हल करना सबसे सरल विधि है।
संदर्भ: RS Aggarwal Quantitative Aptitude; SSC गणित मानक प्रश्नपत्र।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण |



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Predict (प्रिडिक्ट) = Forecast (फोरकास्ट) = पूर्वानुमान लगाना
Antonym – Doubt (डाउट) = संदेह करना
Preserve (प्रिज़र्व) = Conserve (कन्ज़र्व) = संरक्षण करना
Antonym – Waste (वेस्ट) = नष्ट करना / बर्बाद करना
Adapt (एडैप्ट) = Adjust (एडजस्ट) = अनुकूल होना
Antonym – Resist (रिज़िस्ट) = विरोध करना
Observe (ऑब्ज़र्व) = Notice (नोटिस) = ध्यान से देखना
Antonym – Overlook (ओवरलुक) = अनदेखा करना
Separate (सेपरेट) = Divide (डिवाइड) = अलग करना
Antonym – Combine (कम्बाइन) = मिलाना



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण |

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

India should be among the top three AI superpowers globally: PM Modi sets 2047 vision at India AI Impact Summit 2026.
भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन AI महाशक्तियों में शामिल होना चाहिए: पीएम मोदी ने इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 में 2047 का विजन रखा।

PM Modi and French President Macron hold talks in Mumbai, inaugurate Airbus H125 helicopter assembly line; Indo-French partnership for global stability.
पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने मुंबई में बातचीत की, एयरबस H125 हेलीकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन किया; भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए।

India aims to build global consensus to harness AI for public good and contain harms: IT Minister Ashwini Vaishnaw at AI Summit.
भारत AI को सार्वजनिक हित के लिए उपयोग करने और हानियों को रोकने के लिए वैश्विक共识 बनाने का लक्ष्य: आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने AI समिट में कहा।

## INTERNATIONAL NEWS

Tarique Rahman sworn in as new Prime Minister of Bangladesh after BNP's election victory.
तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, BNP की चुनाव जीत के बाद।

Iran's Khamenei warns US warship in Gulf can be sunk amid nuclear talks.
ईरान के खामेनेई ने खाड़ी में अमेरिकी युद्धपोत को डुबोने की चेतावनी दी, परमाणु वार्ता के बीच।

Russia strikes Ukraine's power grid before US-backed peace talks, causing outages and casualties.
रूस ने अमेरिका समर्थित शांति वार्ता से पहले यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमला किया, बिजली कटौती और हताहत।

## BIHAR NEWS

**Bihar signs ₹468 crore MoUs at India AI Impact Summit 2026; ₹250 crore Research Park to come up at IIT Patna, advancing as tech hub.**
**बिहार ने इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 में ₹468 करोड़ के MoU साइन किए; आईआईटी पटना में ₹250 करोड़ का रिसर्च पार्क बनेगा, टेक हब के रूप में उभर रहा।**

**CBSE Board Exams 2026: Bihar student denied entry at Bettiah centre after arriving late due to traffic on first day.**
**सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026: बिहार के बेतिया केंद्र पर ट्रैफिक से देर से पहुंचे छात्र को पहले दिन प्रवेश से वंचित किया गया।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026: Australia eliminated from tournament as rain washes out Zimbabwe vs Ireland match; Zimbabwe advances to Super 8s.**
**टी20 विश्व कप 2026: बारिश से जिम्बाब्वे बनाम आयरलैंड मैच रद्द, ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर; जिम्बाब्वे सुपर 8 में पहुंचा।**

**T20 World Cup 2026: New Zealand reaches Super 8 despite Yuvraj Samra's century for Canada; NZ wins by 8 wickets in Chennai.**
**टी20 विश्व कप 2026: कनाडा के युवराज समरा के शतक के बावजूद न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से जीत दर्ज की, सुपर 8 में पहुंचा (चेन्नई में मैच)।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

✍️**संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

अनुभाग-6

प्रेरक जीवनी

# "रामकृष्ण परमहंस"

## (18 फरवरी जयंती विशेष)



रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 को पश्चिम बंगाल के एक साधारण परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम गदाधर था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे और ईश्वर भक्ति में गहरी आस्था रखते थे। वे सरल, निष्कपट और अत्यंत संवेदनशील स्वभाव के थे।


युवा अवस्था में वे कोलकाता के दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पुजारी बने। वहाँ उन्होंने गहन साधना और ध्यान किया। उनका मानना था कि सभी धर्मों का सार एक ही है—प्रेम, सत्य और मानवता। उन्होंने यह संदेश दिया कि ईश्वर तक पहुँचने के अनेक मार्ग हो सकते हैं, पर लक्ष्य एक ही है। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और धार्मिक सद्भाव की शिक्षा देते थे।

रामकृष्ण परमहंस का जीवन अत्यंत सादा था। वे दिखावे से दूर रहते थे और सेवा को ही सच्ची पूजा मानते थे। उनके उपदेशों से अनेक लोग प्रभावित हुए। उनके प्रमुख शिष्य स्वामी विवेकानंद थे, जिन्होंने आगे चलकर उनके विचारों को पूरे विश्व में फैलाया। उनकी प्रेरणा से रामकृष्ण मिशन की स्थापना हुई, जो आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

रामकृष्ण परमहंस का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति का अर्थ केवल पूजा नहीं, बल्कि मानव सेवा और सद्भाव भी है। उन्होंने प्रेम, सहिष्णुता और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया।

**प्रेरणा:**

सरल जीवन, उच्च विचार और सेवा-भाव—इन्हीं गुणों से मनुष्य महान बनता है। रामकृष्ण परमहंस का जीवन हमें यही अमूल्य शिक्षा देता है।




................✍️

मनोज कुमार

प्रधानाध्यापक

रा.म.वि.वाल्मीकिनगर

बगहा 2, प. चम्पारण।




आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विद्यालय में खेल की घंटी "

18.02.2026

खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण क्रियाकलाप हैं, जो शरीर को स्वस्थ रखता है तथा मानसिक एकाग्रता को बढ़ाता है। खेल से ही हमारे छात्रों में सामाजिक कौशल, अनुशासन , टीम भावना एवं सक्रियता आती है। परंतु आज विद्यालय में खेल की घंटी का सही उपयोग होता हुआ नहीं दिखता है। खेल शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों की कमी तथा विद्यालय में खेल का मैदान का नहीं होना इसके लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। आमतौर पर अधिकांश विद्यालयों में खेल की घंटी में शिक्षकों द्वारा बच्चों को खेल सामग्री देकर या बिना दिये खेलने के लिए कक्षा के बाहर छोड़ दिया जाता है तथा खुद आराम की मुद्रा में आ जाते हैं। यदि हम शिक्षक थोड़ा प्रयास करें तो सीमित स्थान साधन में प्रभावी खेल गतिविधियाँ करा सकते हैं। आज कुछ विद्यालयों शिक्षकों के द्वारा खेल के क्षेत्र में किए जा रहे सार्थक प्रयास दिख भी रहे हैं।

विद्यालय में खेल संबंधित गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए सर्व प्रथम खेल की घंटी को समय-सारणी में जितना समय मिला है का उपयोग अन्य विषयों को मिले समय की तरह ही होना चाहिए। खेल की घंटी के उपयोग हेतु शारीरिक एवं खेल शिक्षकों पर निर्भरता से बाहर निकल कर सामान्य शिक्षकों को भी सोचना होगा।

प्रतिदिन एक निश्चित समय खेल के लिए तय करना चाहिए। कक्षा के अनुसार छोटे-छोटे समूह बनाकर खेल कराना सही होता है। किसी भी खेल को शुरू होने से पहले छात्रों को उस खेल के नियम समझाना चाहिए। खेल का मतलब केवल दौड़-भाग ही नहीं होता इस मानसिकता से हम शिक्षकों को बाहर आकर मानसिक विकास वाले खेल भी अपने खेल गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। सभी बच्चे को खेलने का अवसर मिलना चाहिए और इसके लिए हमें विद्यालय एवं कक्षाओं के लिए एक साप्ताहिक खेल योजना बनाकर सोमवार से शनिवार तक अलग-अलग खेल तय कर छात्रों को खेलाना चाहिए। यदि विद्यालय में मैदान न हो तो एक स्थान पर किए जाने वाले खेल आयोजित करना चाहिए। व्यायाम, योगासन, संगीत पर फ्री हैंड एक्सरसाइज सूर्य नमस्कार, तालबद्ध कूद-फांद जैसी गतिविधियां करा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त हम कक्षा के अंदर खेले जाने वाले खेल जैसे पहेली प्रतियोगिता, शब्द श्रृंखला, गणित क्विज, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, कहानी निर्माण खेल, तालियों का खेल “नेता कौन, बूझो तो जानें आदि करा सकते हैं। इसके साथ लूडो, कैरम, शतरंज, रस्साकशी, रिंग खेल, गुब्बारा संतुलन खेल, म्यूजिक्ल चेयर जैसे खेल भी आयोजित कराया जा सकता है।

विलुप्त हो रहे हमारे देशी एवं पारंपरिक एवं स्थानीय खेल जैसे कबड्डी, कंचा, गिल्ली डंडा, ताली-ताली खेल, डेंगा-पानी को भी छात्रों के बीच प्रस्तुत किया जा सकता है। यदि जगह की कमी हो तो बरामदा, छत या खाली कक्षा का उपयोग कर सकते हैं। कक्षा की दीवार पर “खेल कोना” बना सकते हैं जहां खेल के नियम को प्रदर्शित कर सकते हैं। सप्ताह में एक दिन योग की कक्षा भी लगा सकते हैं। विद्यालय में खेल संबंधित गतिविधियों के सफल आयोजन से छात्रों में नेतृत्व कौशल बढ़ेगा। तो आईए हम अपने विद्यालय में सीमित संसाधनों के वावजूद छात्रों के साथ खेल गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करते हुए खेल की घंटी की सार्थकता सिद्ध करें।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



अनुभाग-8

# "परीक्षा पर चर्चा "

## "जो बीत गई, वो बात गई- हर दिन एक नया अवसर"

18.02.2026 बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का क्रम जारी है। पहला पेपर देने के बाद कई विद्यार्थियों के मन में अलग-अलग भावनाएँ होती हैं—कुछ संतुष्ट होते हैं, कुछ को लगता है कि और बेहतर कर सकते थे, तो कुछ अनावश्यक चिंता में पड़ जाते हैं। ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण है कि विद्यार्थी अपने मन को संतुलित रखें और प्रत्येक नए पेपर को एक नई शुरुआत के रूप में देखें।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "परीक्षा पर चर्चा" में विद्यार्थियों को एक सरल लेकिन गहरी बात समझाई—जो पेपर हो गया, वह अनुभव बन गया; जो आने वाला है, वही अवसर है। यदि छात्र पिछले पेपर की गलतियों या चर्चाओं में उलझे रहते हैं, तो उनका ध्यान अगले पेपर से भटक जाता है। इसलिए परीक्षा के इन दिनों में "आगे बढ़ो" का मंत्र सबसे अधिक उपयोगी है।

हर परीक्षा के बाद स्वयं से केवल दो प्रश्न पूछें—मैंने क्या अच्छा किया? और अगले पेपर में क्या बेहतर कर सकता हूँ? इसके बाद मन को हल्का कर अगले विषय की तैयारी में लग जाएँ। बार-बार दोस्तों या सोशल मीडिया पर उत्तर मिलान करने से तनाव बढ़ता है, जबकि अगले विषय पर ध्यान केंद्रित करने से आत्मविश्वास मजबूत होता है। याद रखें, सफलता का आधार निरंतरता है, न कि एक पेपर का परिणाम।

इन दिनों पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। सुबह हल्का व्यायाम, गहरी साँस और 5 मिनट का सकारात्मक चिंतन मन को स्थिर करता है। अपने आप से कहें—"हर पेपर के साथ मैं और बेहतर कर रहा हूँ।" यह आत्मसंवाद आपकी ऊर्जा को बढ़ाता है। पढ़ाई करते समय छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें—एक अध्याय, कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न और उनका लिखकर अभ्यास। लक्ष्य पूरा होने पर स्वयं को सराहें; यही आत्मविश्वास का सबसे बड़ा स्रोत है।

अभिभावकों की भूमिका इन दिनों अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चे जब परीक्षा से लौटें तो उनसे केवल यह पूछें—"तुम ठीक हो?" यह प्रश्न उन्हें भावनात्मक सहारा देता है। परिणाम या तुलना की चर्चा से बचें और उन्हें अगले पेपर के लिए प्रेरित करें। शिक्षकों का एक प्रोत्साहन भरा संदेश भी विद्यार्थियों के मन को स्थिर करता है और उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देता है।

प्रिय #ExamWarriors,

हर नया पेपर आपके सामने एक नया अवसर लेकर आता है। कल की चिंता छोड़िए, आज की तैयारी पर विश्वास रखिए। शांत मन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़िए— सफलता आपका स्वागत करने के लिए तैयार खड़ी है। कल फिर मिलते हैं। जय हिंद! जय बिहार !🇮🇳




.................✍️
रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org